**सत्र-2022-23**
**मॉडल टैस्ट पेपर**
**कक्षा-दसवीं**
**विषय-हिन्दी**

**समय-3 घंटे** **पूर्णांक(लिखित) -80 अंक**
**आंतरिक मूल्याँकन-20 अंक**

**नोट:-सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**

**भाग-क**

**1(i) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें-** **4×1=4**

(i)'महा+उत्सव' संधि विच्छेद का संधि शब्द चुनिए।
(क) महाउत्सव (ख) महोत्सव (ग) महाउतसव (घ) महाउत्स्व

(ii) 'घुड़दौड़' समास विग्रह के लिए समस्त पद होगा।
(क) घोड़ों की दौड़ (ख) घोड़ों के लिए दौड़ (ग) घोड़ों द्वारा दौड़ (घ) घोड़ों में दौड़

(iii) 'राष्ट्रीय' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा होगी।
(क) राष्ट्र (ख) राष्ट्रीयता (ग) राषटरी (ग) राष्ट्रपन

(iv) 'जीभ' शब्द का सही पर्यायवाची शब्द होगा।
(क) रसना (ख) जिह्वा (ग) जुबान (घ) ये सभी

**(ii) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें-** **4×1=4**

(i) किसान संसार को किस प्रकार समृद्ध बनाते हैं?
(क) अन्न पैदा करके (ख) सोना पैदा करके (ग) धन द्वारा (घ) व्यापार करके

(ii) महेश कहाँ दाखिल था?
(क) स्कूल में (ख) अस्पताल में (ग) छात्रावास में (घ) आश्रम में

(iii) 'दो कलाकार' पाठ के अनुसार अरुणा क्या काम करती थी?
(क) नर्स (ख) लेखिका (ग) अध्यापिका (घ) समाज सेविका

(iv) ममता से झोंपड़ी में आश्रय किसने माँगा?
(क) अकबर ने (ख) बाबर ने (ग) हुमाँयू (घ) बीरबल

**(iii) निम्नलिखित पंद्याश को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों कर उत्तर दीजिए-** **4×1=4**

हँसमुख प्रसून सिखलाते
पल भर है, जो हँस पाओ,
अपने उर की सौरभ से
जग का आँगन भर जाओ !

(i) फूल हमें क्या सिखातें हैं?
(क) रोना (ख) अभिमान करना (ग) सदा मुस्कराना (घ) इनमें से कोई नहीं
(ii) 'गाता खग' कविता के कवि का नाम चुनें।
(क) सुमित्रानन्दन पंत (ख) तुलसीदास (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) मीराबाई
(iii) कवि ने मनुष्य को जग का आँगन किससे भरने के लिए कहा है?
(क) नफरत से (ख) घृणा से (ग) मन की खुशबू से (घ) इनमें से कोई नहीं
(iv) इन पंक्तियों में आए शब्द 'प्रसून' का क्या अर्थ है?
(क) फूल (ख) प्रसाद (ग) पेड़ (घ) पौधा

**(iv) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें-** **3×1=3**

(i) 'ढेर करना' मुहावरे क्या अर्थ है?
(क) संभालना (ख) मार देना (ग) हरा देना (घ) भगा देना

(ii) 'दूध का धुला' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(क) दूध से धोना (ख) दूध में भिगोना (ग) निर्दोष (घ) दूध में ख़राबी

(iii) 'घाट-घाट का पानी पीना' लोकोक्ति का अर्थ होगा।
(क) अनुभवी होना (ख) जगह-जगह घूमना (ग) भाग जाना (घ) कंजूसी करना

**(v) निम्नलिखित पंद्याश को ध्यान से पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों कर उत्तर दीजिए-** **5×1=5**

सच्चरित्र दुनिया की समस्त सम्पत्तियों में श्रेष्ठ सम्पत्ति मानी गयी है। पृथ्वी, आकाश, जल, वायु और अग्नि पंचभूतों से बना मानव-शरीर मौत के बाद समाप्त हो जाता है किन्तु चरित्र का अस्तित्व बना रहता है। बड़े-बड़े चरित्रवान ऋषि-मुनि, विद्वान, महापुरुष आदि इसका प्रमाण हैं। आज भी श्रीराम, महात्मा बुद्ध, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती आदि अनेक विभूतियाँ समाज में पूजनीय हैं। ये अपने सच्चरित्र के द्वारा इतिहास और समाज को नयी दिशा देने में सफल रहे हैं। समाज में विद्या और धन के अर्जन की अति आवश्यकता रहती है किन्तु चरित्र के अर्जन के बिना विद्या और धन भला किस काम का? अतः विद्या और धन के साथ-साथ चरित्र का अर्जन अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि लंकापति रावण वेदों और शास्त्रों का महान ज्ञाता और अपार धन का स्वामी था, किन्तु सीता-हरण जैसे कुकृत्य के कारण उसे अपयश का सामना करना पड़ा। आज युगों बीत जाने पर भी उसकी चरित्रहीनता के कारण उसके प्रतिवर्ष पुतले बनाकर जलाए जाते हैं। चरित्रहीनता को कोई भी पसन्द नहीं करता। ऐसा व्यक्ति आत्मशांति, आत्मसम्मान और आत्मसंतोष से सदैव वंचित रहता है। वह कभी भी समाज में पूजनीय स्थान नहीं ग्रहण कर पाता है। जिस तरह पक्की ईंटों से पक्के भवन का निर्माण होता है उसी तरह सच्चरित्र से अच्छे समाज का निर्माण होता है। अतएव सच्चरित्र ही अच्छे समाज की नींव है।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) दुनिया की समस्त सम्पत्तियों में से किसे श्रेष्ठ माना गया है?
(ख) रावण को क्यों अपयश का सामना करना पड़ा?
(ग) चरित्रहीन व्यक्ति सदैव किससे वंचित रहता है?
(घ) 'श्रेष्ठ' तथा 'प्रमाण' शब्दों के अर्थ लिखिए।
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**(vi) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें-** **6×1=6**

(i) 'इतिहास' शब्द का विशेषण 'ऐतिहासिक' होगा? (हाँ / नहीं)
(ii) गृह शब्द का अर्थ ............. है तथा ग्रह शब्द का अर्थ ............. है।
(iii) दिए गए वाक्य को शुद्ध करके लिखिए- रानी छत में खेल रही है।
(iv) 'फल' शब्द के अनेकार्थक शब्द लिखो।(कोई दो)
(v) 'न्याय' शब्द का विलोम शब्द 'अनुचित' होगा।
(vi) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो- 'जिसका आचरण अच्छा हो'

**(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -** **4×1=4**

(क) राजेन्द्र बाबू को लेखिका ने प्रथम बार कहाँ देखा था?
(ख) तावीजों को बनाने का ठेका किसे दिया गया?
(ग) लेखक और उसके मित्र कहाँ ठहरे थे?
(घ) बेला का मायका किस शहर में था?

**भाग-ख**

**(2) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दीजिए-** **3×2=6**

(क) चित्रा की हॉस्टल से विदाई के समय अरुणा क्यों नहीं पहुँच सकी?
(ख) सरस्वती की परेशानी का क्या कारण था?
(ग) विश्वासपात्र मित्र को ख़ज़ाना,औषध और माता के समान क्यों कहा गया?
(घ) राजा ने भ्रष्टाचार की तुलना ईश्वर से क्यों की है?
(ङ.) जयदेव ने अपनी छुट्टी कैंसिल क्यों करा दी थी?

**(3) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर छ:-सात पंक्तियों में दीजिए-** **3×4=12**

(क) मनोहर सिंह का चरित्र चित्रण कीजिए?
(ख) माँ का कमरा कहानी का उद्देश्य क्या है?
(ग) सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण लेखक ने बताए हैं?
(घ) जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ उस समय भारतीय समाज की क्या स्थिति थी?
(ङ.) सूखी डाली एकाँकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**भाग-ग**

**(4) निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए-** **1×4=4**

ਮੋਬਾਇਲ ਅੱਜ ਸਾਡੀ ਜਿੰਦਗੀ ਦਾ ਅਹਿਮ ਹਿੱਸਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ।ਫਿਰ ਵੀ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਬੜੀ ਹੀ ਸਮਝਦਾਰੀ ਨਾਲ਼ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।ਕੇਵਲ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋਣ 'ਤੇ ਹੀ ਮੋਬਾਇਲ ਫ਼ੋਨ ਦਾ ਪ੍ਰਯੋਗ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।ਘਰ ਵਿੱਚ ਲੈਂਡਲਾਈਨ ਟੇਲੀਫ਼ੋਨ ਨੂੰ ਹੀ ਪਹਿਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

**भाग-घ** **1×4=4**

**(5) आपका नाम सोनिया शर्मा है। आप सेक्टर-20,चंडीगढ़ में रहती हैं।आपको घर के कामकाज के लिए एक नौकरानी की आवश्यकता है।आपका फोन नम्बर 8877665544 है।वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'नौकरानी की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।**

**अथवा**

**सरकारी हाई स्कूल,रामनगर के प्रिंसिपल की ओर से एक सूचना-पट्ट के लिए एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें वर्दी न पहनकर आने वाले विद्यार्थियों पर अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो।**

**भाग-ङ.** **1×7=7**

**(6) कक्षा की समस्याओं को हल करवाने के संबंध में अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**दिल्ली के समाचार पत्र 'आज की बात' के मुख्य सम्पादक के नाम पत्र लिखकर आपके क्षेत्र में चल रही जुआखोरी की जानकारी दीजिए।**

**(7) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

**(क) मेरे जीवन का लक्ष्य (ख) मेरी दिनचर्या (ग) जनसंचार के माध्यम**

भाग-च

(8) मान लीजिए आपका नाम पूनम कुमारी है। आपका भविष्य बैंक, शाखा शिमला में एक बचत खाता है। जिसका नम्बर 3737489885 है।आपको अपने इस खाते में से 3500 रुपये निकलवाने हैं।इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूप रेखा अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरें। 5×1=5

भविष्य बैंक, शाखा-शिमला

बचत बैंक आहरण प्रपत्र दिनांक....................

बचत खाताधारक का नाम ..........................................................................................

खाता नम्बर.................................................................कृपया मुझे ....................... रुपये(अंकों में)

.................................................................रुपये(शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर......................................

अथवा

मान लीजिए आपका नाम सुप्रिया देवी है। आपका भारतीय डाक घर के सेक्टर 15,नोएडा में एक बचत खाता है। जिसका नम्बर 834747393 है।आपको अपने इस खाते में से दिनांक 20/03/2023 को 4500 रुपये निकलवाने हैं।इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र की रूप रेखा अपनी उत्तर पुस्तिका पर उतार कर भरें।

रुपये निकलवाने का फॉर्म

(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर 15 नोएडा

बचत खाता संख्या ..........................................................दिनांक........................................

कृपया मुझे ................................................ रुपये(अंकों में) ........................................रुपये(शब्दों में) का भुगतान करें

जमाकर्ता के हस्ताक्षर......................................

(9) सुंदर लिखाई 5